# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 10th



aglasem.com

Class : 10th

Subject : हिन्दी

Chapter : 6

Chapter name : यह दंतुरित मुस्कान

Q1 बच्चे की दंतुरित मुसकान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Answer◦

बच्चे की दंतुरित मुस्कान को देखकर कवि का हृदय गदगद हो जाता है । कवि का मन प्रसन्न हो गया। वह मंत्रमुग्ध होकर बच्चे की तिरछी मुस्कान को देखता है।इससे कवि के मन की सारी उदासी और निराशा दूर हो जाती है। कवि को बच्चे की मुस्कान मनमोहक लगती है।

Page : 41 Block Name : यह दंतुरित मुस्कान

Q2 बच्चे की मुसकान और एक बड़े व्यक्ति की मुसकान में क्या अंतर है?

Answer

बच्चे की मुस्कान अत्यंत सरल, निश्चल, भोली एवं स्वार्थरहित है। बच्चे की मुस्कान में कहीं भी ईर्ष्या, द्वेष, चालाकी आदि का स्थान नहीं होता।

जबकि ठीक इसके विपरीत बड़े व्यक्ति की मुस्कान बनावटी तथा स्वार्थी होती है। उसकी मुस्कान में आकर्षण नहीं होता। बड़ा व्यक्ति चलाकीवश तथा कुशलतापूर्वक मुस्कुराता है।

Page : 41 Block Name : यह दंतुरित मुस्कान

Q3 कवि ने बच्चे की मुसकान के सौंदर्य को किन-किन बिंबों के माध्यम से व्यक्त किया है?

Answer◦

aglasem.com

कवि ने बच्चे की मुस्कान के सौंदर्य को निम्नलिखित बिंबों के माध्यम से व्यक्त किया है:- कमल तालाब छोड़कर कवि की झोपड़ी में खिल गया। पत्थर पिघलकर जलधारा के रूप में बह रहा हो। बांस या बबूल से शेफालिका के फूल झरने लगे हैं।

Page : 41 Block Name : यह दंतुरित मुस्कान

Q4 भाव स्पष्ट कीजिए -

(क) छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात।

(ख) छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल बाँस था कि बबूल?

Answer。

(क) प्रस्तुत पंक्ति नागार्जुन द्वारा रचित कविता दंतुरित मुस्कान से ली गई है।इसमें कवि ने बच्चे की मुस्कान को कमल के फूलों के समान बताया है। मानो ऐसा लगता है जैसे कमल तालाब छोड़कर कवि की झोपड़ी में खिल रहा हो अर्थात् बच्चे की मुस्कान निश्चल एवं पवित्र है । वह अत्यंत सुंदर एवं मनमोहक है जैसे कमल का फूल।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति नागार्जुन द्वारा रचित कविता दंतुरित मुस्कान से ली गई है। कवि के हृदय को बच्चे की मुस्कान ने छू लिया है । बच्चे की निश्छल मुस्कान देखकर उसका स्पर्श पाकर बांस या बबूल से भी शेफालिका के फूल झरने लगते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को बच्चे की मुस्कान मनमोहक लगती है।

aglasem.com

Page : 41 Block Name : यह दंतुरित मुस्कान

Q5 मुस्कान और क्रोध भिन्न भिन्न भाव है। इनकी उपस्थिति से बने वातावरण की भिन्नता का चित्रण कीजिए।

Answer。

मुस्कान और क्रोध दोनों ही मानव के विभिन्न भाव हैं। मुस्कान से किसी व्यक्ति की प्रसन्नता व्यक्त होती है और वह मनमोहक होती है। मुस्कान सभी के मन में प्रेम भाव उत्पन्न करती है। इससे वातावरण शांत तथा बोझिल होने से बच जाता है जबकि क्रोध मन की व्यग्रता,आक्रोश और अप्रसन्नता का भाव प्रकट करती है। क्रोध उपेक्षापारक होती है।क्रोध की अधिकता में व्यक्ति दुर्व्यवहार करने लगता है। इससे वातावरण में कटुता भूल जाती है।

Page : 41 Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q6 दंतुरित मुसकान से बच्चे की उम्र का अनुमान लगाइएऔर तर्क सहित उत्तर दीजिए।

Answer।

दंतुरित मुस्कान से बच्चे की उम्र 7 महीने से 1 साल के बीच की लगती है क्योंकि इसी महीने में बच्चे के दांत निकलने शुरू हो जाते हैं तथा वे अपरिचित को पहचानने लगते हैं।

Page : 41 Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q7 बच्चे से कवि की मुलाकात का जो शब्द-चित्र उपस्थित हुआ है उसे अपने शब्दों में लिखिए।

Answer।

जब कवि बच्चे से मिलता है तो उसकी मुस्कान देखकर मुग्ध हो जाता है।बच्चे की मुस्कान देखकर कवि की निराशा और उदासी गायब हो जाती है। कवि को उसकी मुस्कान कमल के फूल के समान लगती है। जब बच्चा कवि को तिरछी नजर से मुस्कुराते हुए देखता है तो और भी सुंदर लगता है।

Page : 41 Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

aglasem.com

फसल

Q1 कवि के अनुसार फसल क्या है?

Answer।

कवि के अनुसार फसल नदियों के पानी का जादू,लाखों किसानों की मेहनत का प्रतिफल,भिन्न प्रकार की मिट्टी के गुण, अनुकूल हवा, सूर्य के प्रकाश आदि प्राकृतिक उपादानों का फल है।

Page : 42 Block name : प्रश्न-अभ्यास

Q2 कविता में फसल उपजाने के लिए आवश्यक तत्वों की बात कही गई है। वे आवश्यक तत्व कौन-कौन से हैं?

Answer।

फसल जाने के लिए आवश्यक तत्व मनुष्य का परिश्रम, पानी, उपजाऊ मिट्टी, हवा, सूर्य का प्रकाश है।

Page: 42 Block name : प्रश्न-अभ्यास

Q3 फसल को 'हाथों के स्पर्श की गरिमा' और 'महिमा' कहकर कवि क्या व्यक्त करना चाहता है?

Answer◦

फसल को 'हाथों के स्पर्श की गरिमा' और 'महिमा' कहकर कवि यह कहना चाहता है कि किसानों और मजदूरों के द्वारा की गई मेहनत और लगन के बिना फसल की पैदावार नहीं हो सकती। फसल किसानों की हाथों की मेहनत का गौरव है।

Page : 42 Block name : प्रश्न-अभ्यास

Q4 भाव स्पष्ट कीजिए -

(क) रूपांतर है सूरज की किरणों का

सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का!

Answer◦

इन पंक्तियों ने फसल उपजाने में सूरज की किरणों तथा हवा के योगदान को दर्शाया गया है। फसल सूर्य के प्रकाश तथा अनुकूल हवा के प्रभाव के द्वारा पैदा होती है।सूरज की किरणे अपनी ऊष्मा प्रदान कर फसल को पकने में मदद करती है तो वही हवा की मंद गति फसल के बढ़ने में सहायक हैं।

Page : 42, Block name : प्रश्न-अभ्यास

Q5 कवि ने फसल को हज़ार-हज़ार खेतों की मिट्टी का गुण-धर्मकहा है -

(क) मिट्टी के गुण-धर्म को आप किस तरह परिभाषितकरेंगे?

(ख) वर्तमान जीवन शैली मिट्टी के गुण-धर्म को किस-किसतरह प्रभावित करती है?

(ग) मिट्टी द्वारा अपना गुण-धर्म छोड़ने की स्थिति में क्याकिसी भी प्रकार के जीवन की कल्पना की जा सकती है?

(घ) मिट्टी के गुण-धर्म को पोषित करने में हमारी क्याभूमिका हो सकती है?

Answer◦

(क) मिट्टी के गुण धर्म का अर्थ है मिट्टी में खेती के उपजाऊपन का होना। मिट्टी की अधिक उपजाऊ क्षमता से फसल का उत्पाद भी अधिक होता है।

aglasem.com

(ख) वर्तमान जीवन शैली मिट्टी के गुण धर्म को प्रदूषित एवं नष्ट कर रही है। अनेक प्रकार के रासायनिक तत्व, प्लास्टिक आदि वस्तुएं मिट्टी के मूल स्वरूप को नष्ट कर रही है जिसका नकारात्मक प्रभाव फसल पर भी पड़ रहा है।

(ग) यदि मिट्टी ने अपना गुण- धर्म छोड़ दिया तो पृथ्वी से पेड़-पौधे, फसल, हरियाली आदि का नामोनिशान मिट जाएगा। ऐसी स्थिति में धरती पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।

(घ) हमें मिट्टी को प्रदूषित होने से बचाना होगा, वृक्षारोपण करना होगा,प्लास्टिक का उपयोग बंद करना पड़ेगा, तभी कुछ सुधार हो सकता है।

Page : 42 Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

aglasem.com